दिनांक 3 जुलाई 2019

स्वच्छ भारत अभियान | स्वच्छ एवं सुंदर भिलाई

मिशन अमृत फेस 2 योजना के तहत निजी नल कनेक्शन के लिए प्रतिमाह के आसान किस्तों मे जमा कर सकेंगे शुल्क, शुल्क राशि में भी हुई कटौती, महापौर परिषद से मिली मंजूरी

भिलाईनगर/महापौर परिषद की बैठक से पूर्व प्रतिदिन होने वाले राष्ट्रगान में आज महापौर एवं भिलाई नगर विधायक देवेंद्र यादव सम्मिलित हुए उन्होंने कहा कि रोज-रोज नए नए सुविचार से अधिकारी/कर्मचारियों के कार्य करने की क्षमता बढ़ती है,मनोबल बढ़ता है! राष्ट्रगान में उपस्थित आयुक्त एसके सुंदरानी ने कहा की पेंशन की नई व्यवस्था से पेंशन हितग्राहियों को लाभ मिलेगा , आने जाने में होने वाली परेशानियों से भी निजात मिलेगा , पात्र हितग्राही एक भी न छूटे इसके लिए इस प्रकार की व्यवस्था की गई है! महापौर परिषद की बैठक में मिशन अमृत अंतर्गत जल प्रदाय योजना फेस टू अंतर्गत निजी नल कनेक्शन दिए जाने के संबंध में चर्चा हुई जिसमें करदाता को प्रतिमाह ₹250 एवं गैर करदाता को ₹100 मात्र 20 महीने में शुल्क के रूप में प्रदाय करना होगा जिसकी कुल राशि क्रमशः करदाता के लिए 5000 एवं गैर करदाता के लिए 2000 होगी जिन्हें मासिक किस्तों में प्रदाय करना होगा,जिसे आसानी से जमा किया जा सकता है पहले यह राशि ₹6000 थी जिसे कम कर दिया गया है अब किस्तों में राशि जमा करने से लोगों पर आने वाले आर्थिक भार में कमी आएगी और नवीन नल कनेक्शन का शुल्क आसान किस्तों में जमा किया जा सकेगा!

विधानसभा दुर्ग ग्रामीण के अंतर्गत नगर निगम भिलाई के रिसाली क्षेत्र अंतर्गत आने वाले 12 वार्डों को नगर निगम भिलाई से पृथक कर स्वतंत्र नगर निगम गठन किए जाने के संबंध में गहन चर्चा हुई जिसमें यह बात सामने आई कि बीएसपी का कितना क्षेत्र रिसाली में सम्मिलित होगा , आय के साधन किस प्रकार होंगे , नक्शा तैयार किया जाना होगा , खसरा नंबर आदि सहित तैयार कर पुनः पूर्ण कार्ययोजना के साथ प्रस्तुत करने हेतु राजस्व अधिकारी को कहा गया ताकि संपूर्ण कार्य समावेशित हो जाए किसी प्रकार की बाधा भविष्य में न हो!

वार्ड क्रमांक 62 रूआबांधा सेक्टर अंतर्गत सेंट थॉमस कॉलेज के सामने नहर का बंड बनाने का कार्य को विस्तृत विवरण के साथ प्रस्तुत करने हेतु परिषद द्वारा कहा गया! वार्ड 61 प्रगति नगर मैत्री कुंज में पंडित दीनदयाल उपाध्याय सर्व समाज मांगलिक भवन योजना अंतर्गत मंगल भवन निर्माण कार्य पर चर्चा करते हुए निरीक्षण के लिए समिति गठित की गई जिसमें जोहन सिन्हा , सूर्यकांत सिन्हा, साकेत चंद्राकर, दुर्गा प्रसाद अपनी रिपोर्ट प्रस्तुत करेंगे तत्पश्चात इसमें फैसला लिया जाएगा!

स्वास्थ्य विभाग द्वारा आवारा सूअरों को पकड़कर नीलामी करने के लिए लाए गए प्रस्ताव पर परिषद ने कहा ऐसी पॉलिसी तैयार करें जिससे सूअर पकड़ने एवं कार्य करने वालों को भी कोई दिक्कत न हो क्योंकि इसको लेकर पूर्व में भी बहुत सी दिक्कतें आई हैं अब ऐसा न हो , अच्छी पॉलिसी तैयार करें ताकि आवारा सूअर से शहर को निजात मिल सके!

पेंशन हितग्राहियों के प्राप्त आवेदन के अनुमोदन के लिए अब महापौर परिषद में प्रकरण प्रस्तुत नहीं किया जाएगा बल्कि प्रत्येक महीने पेंशन धारियों का विवरण से महापौर परिषद को अवगत कराया जाएगा, इस व्यवस्था से अनावश्यक रूप से होने वाले विलंब से पेंशन धारियों को निजात मिल जाएगा क्योंकि पहले प्रकरण अनुमोदन हेतु महापौर परिषद में प्रेषित किए जाने का प्रावधान था जिसे महापौर परिषद ने अब सरलीकरण कर दिया है ताकि पेंशन धारियों को अविलंब पेंशन का लाभ मिल सके! अगला प्रस्ताव वार्ड क्रमांक 35 नवीन कॉलेज ग्राउंड का बाउंड्री वॉल , साइकिल स्टैंड सेड एवं मैदान में विद्युतीकरण कार्य को स्वीकृत किया गया!

जीआईएस व जीपीएस बेस्ट मैकेनिकल एंड मैनुअल स्विपिंग आप मेन/इंटरनल रोडस आफ मुंसिपल कारपोरेशन भिलाई को परिषद द्वारा स्वीकृत कर शासन को प्रेषित किए जाने हेतु कहा गया! निगम के मुख्य कार्यालय में भोजन एवं कैंटीन की व्यवस्था सस्ते दर पर उपलब्ध कराने हेतु आए हुए प्रस्ताव पर चर्चा करते हुए किसी एक समूह विशेष को न देते हुए ऐसा प्रस्ताव तैयार करने पर सहमति बनी जिसमें कोई भी भाग ले सकता है ताकि सस्ते दर पर सभी को भोजन आदि से संबंधित व्यवस्था का लाभ मिल सके!

महापौर एवं भिलाई नगर विधायक श्री देवेंद्र यादव की अध्यक्षता में हुए बैठक में आयुक्त एसके सुंदरानी, महापौर परिषद के सदस्य नीरज पाल , लक्ष्मीपति राजू, साकेत चंद्राकर ,सूर्यकांत सिन्हा, केशव बंछोर, जोहन सिन्हा, दुर्गा प्रसाद साहू , सुशीला देवांगन, नरेश कोठारी एवं सबरीन बानो सहित विभाग प्रमुख उपस्थित थे!